2013

विधि (अधिष्ठायी विधि) : प्रश्नपत्र-I

निर्धारित समय : तीन घंटे

अधिकतम अंक : 200

नोट

अभ्यर्थियों को प्रश्न संख्या **1** और **2** करना अनिवार्य है तथा अन्य कोई **चार** प्रश्न हल करें । कुल **छः** प्रश्न हल करने हैं । प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने अंकित हैं ।

Law (Substantive Law) : Paper-I

Time Allowed : Three Hours

Maximum Marks : 200

Note

Candidates have to attempt Question Nos. **1** and **2** and not more than **four** of the remaining ones. Attempt **six** questions in all. Marks carried by each question are indicated at its end.

---

1. *(अ)* न्यायिक पुनरवलोकन से आप क्या समझते हैं ? संविधान-पूर्व विधियों तथा संविधानोत्तर विधियों पर अनुच्छेद 13 का क्या प्रभाव है ? अपने उत्तर को निर्णित वादों की सहायता से समझाइये । 15

(ब) "इस भाग के अन्य उपबन्धों के अधीन रहते हुए, भारत के राज्यक्षेत्र में सर्वत्र व्यापार, वाणिज्य और समागम अबाध होगा ।" (अनुच्छेद 301 – भारत का संविधान) प्रासंगिक वादों की सहायता से विवेचना कीजिये । 15

(स) राज्य सरकार ने अपने कर्मचारी को एक आदेश के साथ अनिवार्य निवृत्ति दे दी कि वह कार्य करने के योग्य नहीं रहा है । क्या यह आदेश दण्ड स्वरूप है या नहीं ? निर्णित वादों की सहायता से कारण सहित उत्तर दीजिये । 10

(द) एक राज्य के राज्यपाल ने उस मंत्रिपरिषद् को पदच्युत कर दिया जिसे सदन का विश्वास प्राप्त था । 'अ' ने राज्यपाल के इस कार्यकलाप को असंवैधानिक बताते हुए न्यायालय में चुनौती दी । क्या 'अ' सफल होगा ? उपयुक्त उदाहरणों की सहायता से कारण सहित उत्तर दीजिये । 10

(a) What do you understand by Judicial Review ? What is the effect of Article 13 on Pre-constitutional laws and Post-constitutional laws ? Explain your answer with the help of decided cases.

(b) "Subject to the other provisions of this part, trade, commerce and intercourse throughout the territory of India shall be free." (Article 301 – Constitution of India) Discuss with the help of relevant case laws.

(c) The State Government passed an order of compulsory retirement stating that the employee is not fit for work. Does the order amount to punishment or not ? Give reasons for your answer with the help of decided cases.

(d) The Governor of a State dismissed Council of Ministers enjoying confidence of the House. 'A' challenges the action of the Governor on the ground that his action is unconstitutional. Will 'A' succeed ? Give reasons for your answer with the help of suitable examples.

GET IT ON Google Play Download on the App Store

2. *(अ)* "हिन्दू विवाह अधिनियम, 1955 ने विवाह विधि में मूलभूत एवं महत्त्वपूर्ण परिवर्तन किये हैं ।" उपर्युक्त कथन की विवेचना कीजिये और बताइये कि इस अधिनियम ने हिन्दू विवाह की सांस्कारिक प्रकृति को कहाँ तक प्रभावित किया है ? 10

(ब)

(i) मुस्लिम विधि के अन्तर्गत तलाक (Divorce) के पश्चात् उत्पन्न विधिक परिणामों (legal effects) की व्याख्या कीजिये । 6

(ii) 'अ' एक हनाफी स्त्री से विवाह करता है । कुछ समय पश्चात् क्रोध के आवेश में 'अ' विवाह-विच्छेद की घोषणा तीन बार करता है और पत्नी को उसके माता-पिता के घर भेज देता है । दूसरे दिन 'अ' अपने किये पर पश्चाताप करता है और चाहता है कि पत्नी वापस आ जावे । पत्नी आने से इन्कार करती है और कहती है कि विवाह-विच्छेद ऐसा हुआ है जो रद्द नहीं किया जा सकता है । 'अ' दाम्पत्य अधिकारों के प्रत्यवस्थापन के लिये वाद प्रस्तुत करता है और कहता है कि वह शुद्ध एवं सादे इस्लाम धर्म में विश्वास करता है । इसके सम्प्रदायों में विश्वास नहीं करता है । पत्नी भी अवशेष मेहर के लिये वाद प्रस्तुत करती है । दोनों पक्षों के अधिकारों की विवेचना कीजिये । 4

(स) अर्ध संविदा अथवा कल्प संविदा से आप क्या समझते हैं ? कल्प संविदा के विशिष्ट तत्त्वों की विवेचना कीजिये । अर्ध संविदा के अन्तर्गत उत्पन्न दायित्वों का विधि शास्त्रीय आधार क्या है ? समझाइये । 10

(a) "Fundamental changes in the law relating to marriage has been brought about by the Hindu Marriage Act, 1955."
Comment on the above statement and evaluate that how far the Act affected the sacramental character of Hindu Marriage ?

(b)

(i) State the consequences (legal effects) that follow from the divorce under Muslim Law.

(ii) 'A' marries with a Hanafi woman. After sometime, in a fit of anger, 'A' pronounces Talak three times and sends the wife to her parent's home. The next day 'A' repents and wants his wife to come back. The wife refuses and maintains that she has been divorced irrevocably. 'A' brings a suit for restitution of conjugal rights and declares that he believes in pure and simple Islam and does not believe in any sects. The wife also sues for her deferred dower. Discuss the rights of the parties.

(c) What do you understand by Quasi Contract ? Explain the distinctive features of Quasi Contract ? What is juridical basis of responsibility occur under Quasi Contract ? Explain.

3. *(अ)* "दोहरी संभावनाओं के विरुद्ध नियम" की विवेचना कीजिये । क्या किसी अजन्में व्यक्ति अथवा माता के गर्भ के बच्चे के पक्ष में पृथक रूप से एक वैध अंतरण किया जा सकता है ? यदि हाँ, तो उसकी शर्तें उचित उदाहरण के साथ बताइये । 15

(ब) क्या सम्पत्ति अन्तरण अधिनियम इस सामान्य नियम का कोई अपवाद करता है कि एक व्यक्ति किसी सम्पत्ति में उससे अच्छा हक जितना कि वह स्वयं इसमें रखता है, नहीं प्रदान कर सकता है ? यदि ऐसा है, तो आप उन अपवादों को कैसे न्यायोचित बनाओगे ? 15

(a) Discuss the rule against "Double possibilities". Explain whether valid transfer can be made in favour of an unborn person ? If so, state the conditions with suitable illustrations.

GET IT ON Google Play Download on the App Store

(b) Does the Transfer of Property Act make an exception to the general rule that a person cannot confer a better title to the property than he himself has in it ? If so, how do you justify the exceptions ?

4. *(अ)* किसी फर्म के कारोबार के प्रबन्ध और संचालन में साझेदारों के क्या अधिकार हैं ? क्या किसी साझेदार को साझेदारी व्यवसाय के अलावा किसी अन्य व्यवसाय को करने से रोका जा सकता है, जबकि वह एक साझेदार है ? 15

(ब)

(i) क्या एक अवयस्क व्यक्ति भागीदारी के फायदे में शामिल किया जा सकता है ? यदि हाँ, तो उसके क्या अधिकार व अयोग्यताएँ हैं ? प्रासंगिक वादों का उल्लेख कीजिये । 10

(ii) 'अ' एक सॉलिसिटर (Solicitor) फर्म का साझेदार है, जो फर्म की स्वीकृति के बिना विनिमय साध्य विलेख फर्म के नाम से ले लेता है । इस सन्दर्भ में फर्म के दायित्व निर्धारित कीजिये ? 5

(a) What are the rights of partner in the management and conduct of the business of a firm ? Can a partner be restrained from carrying on any business other than that of the partnership while he is partner ?

(b)

(i) Can a minor be admitted to the benefits of Partnership ? If so, what are his rights and disabilities ? Refer to relevant case laws.

(ii) 'A' a partner in a firm of solicitors draw a Bill of exchange in the name of the firm without authority. Decide the liability of the firm in their respect.

5. *(अ)* विद्वेषपूर्ण अभियोजन को परिभाषित कीजिये । इसके आवश्यक अवयव क्या हैं ? वादी को विद्वेषपूर्ण अभियोजन के वाद में सफल होने के लिये क्या बातें सिद्ध करना आवश्यक है । क्या विद्वेषपूर्ण अभियोजन का वाद निगम के विरुद्ध भी चलाया जा सकता है, यदि हाँ, तो किन परिस्थितियों में ? 10 + 5 =

(ब) अपने कर्मचारियों के त्रुटिपूर्ण कार्य के लिये राज्य के प्रतिनिधिक दायित्व के सम्बन्ध में क्या विधि है ? क्या राज्य अपने कर्मचारियों के आपराधिक कृत्यों के लिये भी उत्तरदायी है ? प्रासंगिक वादों की सहायता से समझाइये । 15

(a) Define malicious prosecution. What are its essential ingredients ? What must a plaintiff prove for getting success in case of a suit for malicious prosecution ? Can a suit of malicious prosecution is filed against corporation also if yes, in which circumstances ?

(b) What is the law relating to the 'Vicarious liability of the State for the wrongful acts of its employees' ? Is the State liable for the criminal acts of its employees ? Discuss with the help of relevant case laws.

6. *(अ)* "भारतीय ट्रस्ट अधिनियम" के अन्तर्गत एक न्यासी (Trustee) की क्या निर्योग्यताएँ हैं ? वर्णन कीजिये । 10

(ब) "न्यास भंग" से आप क्या समझते हैं ? न्यास भंग के मामले में एक हितग्राही को क्या उपचार उपलब्ध है ? व्याख्या कीजिये । 10

(स) निम्नलिखित सूत्रों की उदाहरण सहित व्याख्या कीजिये :

(i) "साम्या विधि का अनुसरण करता है ।" 5

(ii) "साम्या दायित्व की पूर्ति का आशय आरोपित करता है ।" 5

(a) Describe the disabilities of a trustee as given under the 'Indian Trust Act'.

GET IT ON Google Play Download on the App Store

(b) What do you understand from "Breach of Trust" ? Describe the remedies available to the beneficiary in case of breach of trust.

(c) Explain the following maxims with illustrations :

(i) Equity follows the law.

(ii) Equity imputes an intention to fulfil.

7. *(अ)* भारतीय सुखाधिकार अधिनियम के अंतर्गत अनुज्ञप्ति कब निरस्त मानी जायेगी ? अनुज्ञप्ति निरस्त होने पर अनुज्ञप्ति-धारी के क्या स्वत्व होते हैं ? विवेचना कीजिये । 15

(ब) विनिर्दिष्ट अनुतोष अधिनियम, 1963 के अन्तर्गत संविदायें जिनका विनिर्दिष्ट प्रवर्तन नहीं कराया जा सकता उनका उल्लेख कीजिये । अपने उत्तर की पुष्टि के लिये उपयुक्त उदाहरण दीजिये । 15

(a) When will a licence be deemed to be revoked under the Indian Easement Act ? What are licencee's rights on revocation ? Discuss.

(b) Write the contracts which cannot be specifically enforced under the Specific Relief Act, 1963. Support your answer with suitable illustrations.

8. *(अ)* "एक संविदा उस व्यक्ति द्वारा प्रवर्तनीय नहीं कराई जा सकती जो कि उसका पक्षकार नहीं है भले ही संविदा उसके लाभ के लिये की गई हो ।" इस नियम के अपवाद भी बताइये । विवेचना कीजिये तथा निर्णीत वादों का उल्लेख कीजिये । 15

(ब)

(i) क्या आप इस मत से सहमत हैं कि हिन्दू दत्तक विधि पूर्णतया परिवर्तित हो चुकी है ? यदि हाँ, तो उन परिवर्तनों को बताइये जो हिन्दू दत्तक ग्रहण एवं भरण-पोषण अधिनियम, 1956 द्वारा हिन्दू दत्तक विधि में किये गये । 10

(ii) 'X' एक लड़की को इस आधार पर गोद लेना चाहता है कि उसकी एकमात्र लड़की बिना उसकी अनुमति के घर छोड़कर चली गई है और बम्बई में फिल्म उद्योग में भर्ती हो गई है । गोद की वैधता का विवेचन कीजिये । 5

(a) "A contract cannot be enforced by a person who is not a party to it even though it is made for his benefit." Point out also the exceptions to this rule. Discuss and refer to decided cases.

(b)

(i) Do you agree with a view that the Hindu Law of Adoption had undergone a complete change ? If yes, then state the changes brought about by the Hindu Adoptions and Maintenance Act, 1956 in the law of adoption.

(ii) 'X' wants to adopt a daughter on the ground that his only daughter had left the house without his permission and had joined the Film industry in Bombay. Discuss the legality of adoption.

9. *(अ)*

(i) मुस्लिम विधि के अधीन मान्य दान (valid gift) के लिये क्या आवश्यक दशाएँ हैं ? मुसलमानी दान (Mohammedan gift) को सम्पत्ति हस्तान्तरण अधिनियम, 1882 (Transfer of Property Act) ने कहाँ तक प्रभावित किया है ? विवेचना कीजिये । 10

(ii) मुस्लिम विधि के अन्तर्गत कब और कैसे दाता द्वारा दान रद्द किया जा सकता है ? रद्द करने का अधिकार किन मामलों में समाप्त हो जाता है ? विवेचना कीजिये । 10

GET IT ON Google Play Download on the App Store

(ब) 'A' की पत्नी 'W' ने उसको बहुत समय से त्याग दिया और सहवास की पुनःस्थापना के लिये 'A' के सारे प्रयत्नों की उपेक्षा कर दी । यहाँ तक कि 'A' के एक भी पत्र का उत्तर नहीं दिया । अन्त में 'A' ने उसके विरुद्ध न्यायिक पृथक्करण की डिक्री प्राप्त कर ली । तत्पश्चात् चूँकि 'A' के कोई पुत्र नहीं था, उसने 'W' को बिना सूचना दिए एक पुत्र का दत्तक ग्रहण कर लिया । क्या यह दत्तक ग्रहण हिन्दू दत्तक ग्रहण एवं भरण पोषण अधिनियम, 1956 के अन्तर्गत मान्य है ? 10

(a)

(i) What are the essential conditions of a valid gift under Muslim Law ? How far has the law of Mohammedan gift been affected by the Transfer of Property Act, 1882 ? Discuss.

(ii) When and how can a gift be revoked by a donor under Muslim law ? In what cases the power to revoke comes to an end ? Discuss.

(b) 'A's wife 'W' deserted him for a long time and ignored all his attempts to resume co-habitation. So much so that she did not reply to even a single letter of his. Ultimately 'A' obtained a decree of judicial separation against her. Thereafter because he had no son, he adopted a son without further reference to 'W'. Is this adoption is valid under the Hindu Adoption and Maintenance Act, 1956.

10. निम्नलिखित समस्याओं में से किन्हीं **तीन** का प्रासंगिक विधि का उल्लेख करते हुये हल कीजिये :

(अ) 'अ' एक खाली पिस्तौल को 'ब' की ओर करता है । 'ब' आक्रमण के लिये 'अ' पर मुकदमा चलाता है । 'अ' अपने बचाव के लिये दलील देता है कि पिस्तौल खाली थी । आप कैसे इस मुकदमे को तय करेंगे ? अपने प्रत्युत्तर के लिये कारण भी दीजिये । 10

(ब) 'अ' एक तोते को प्रस्ताव बोलना सिखाता है फिर उसे 'ब' के पास भेजता है । वहाँ जाकर तोता प्रस्ताव को दोहराता है । क्या यह वैध प्रस्ताव है ? क्या आपके उत्तर में कोई अन्तर होगा यदि एक लिखित प्रस्ताव 'ब' के लिये उस तोते के शरीर से बाँध दिया जाये और वह पक्षी इस तरह प्रस्ताव लेकर 'ब' के पास जावे ? 10

(स) A, B और C एक फर्म XCo में हिस्सेदार हैं । C साझेदारी से अलग हो जाता है और फर्म की सब सम्पत्ति तथा लेन-देन का अधिकार तथा उत्तरदायित्व A और B दोनों साझेदार जो C के अलग हो जाने पर फर्म का कार्य करते रहते हैं, अपने ऊपर ले लेते हैं । एक लेनदार (Creditor) C के हट जाने के बाद बकाया के शोध्य के लिए A, B और C तीनों पर दावा करता है । क्या C इस ऋण का जिम्मेदार है ? अपने उत्तर के लिए कारण दीजिये । 10

(द) पति की मृत्यु के पश्चात् 'अ' एक मुसलमान विधवा ने सरकारी कागजों में अपने पति की सम्पत्ति में उसकी मृत्यु के बाद स्वामी के रूप में अपना नाम दर्ज करवाया और उसके कुछ हिस्सों का बन्धक व बेचानामा करती है । उसके पति के उत्तराधिकारी ने अपने हिस्से के लिये अन्तरित पर दावा किया । क्या वह उत्तराधिकारी सफल हो सकता है ? अपने उत्तर का कारण दीजिये । 10

Solve any **three** problems with reference to relevant laws :

(a) 'A' points an unloaded pistol at 'B', who sues him for an assault. 'A' in his defence pleads that the pistol was unloaded. How will you decide this case. Give reasons to support your answer.

(b) 'A' teaches his parrot to recite an offer and then sends the parrot to 'B'. The parrot repeats the recitation. Is this a valid offer ? Will it make any difference to your answer, if 'A' ties a message containing an offer for 'B' on the body of the parrot who carries the message to 'B'.

GET IT ON Google Play Download on the App Store

(c) A, B and C are partners in a firm XCo. C retires from the partnership and all the assets and liabilities are taken over by the two partners A & B who carry on the firm after the retirement of C. A creditor of the firm after the retirement of C, files a suit against A, B and C for the recovery of the debt. Is C liable ? Give reasons for your answer.

(d) After the death of her husband 'A' a Mohammedan widow got her name entered in the Government records as owner of her husband's property and was mortgaging and selling portions of it, one of the heirs of her husband sued her alienee for his share. Can he succeed ? Give reasons for your answer.

DOON LAW MENTOR

GET IT ON Google Play Download on the App Store

DOON LAW MENTOR

UP JUDICIARY | 2013 MAINS SUBSTANTIVE LAW PAPER I

Continue Your Preparation

Use this Mains Substantive Law (Paper I) paper as a focused PYQ practice resource, then continue with structured syllabus coverage, test series practice and exam preparation.

All UP Civil Judge Courses

Browse every Doon Law Mentor course for UP Civil Judge preparation in one folder.

VIEW ALL UPPCSJ COURSES AND PRODUCTS

UP Judiciary Exam Hub

Eligibility, syllabus, pattern, PYQs and latest UP Judiciary preparation resources in one place.

OPEN EXAM HUB

UP Civil Judge Test Series

Bilingual mock tests for UP Civil Judge 2026, with the first mock test free.

VIEW TEST SERIES

All Law Exam Courses

Explore Doon Law Mentor courses for APO, Judiciary and allied legal examinations.

EXPLORE COURSES

Doon Law Mentor Academy

Access classes, notes, tests, recorded lectures and your learning dashboard.

OPEN ACADEMY

LEARN ON THE DOON LAW MENTOR APP

Classes, Notes, Tests & Exam Updates - on Android and iOS

Tap a badge below to open the official app listing.

GET IT ON Google Play

Download on the App Store

WATCH DLM ON YOUTUBE

USEFUL LINKS

Main Website | UP Judiciary Hub | Judiciary Courses | Academy | YouTube

Doon Law Mentor

National Online Judiciary & APO Preparation

doonlawmentor.com

academy.doonlawmentor.com

GET IT ON Google Play

Download on the App Store